हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 8.5 डिग्री

11 बाबा साहेब को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

12 आईसी कॉलेज में पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित


## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- जिला विकास भवन में समाधान शिविर
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक सुबह 11 बजे

## बिजली कट

- सुबह 10 से 3 बजे तक : सेक्टर-2, 3, 4, 5, 4, सेक्टर-2, 3 पार्ट, कबीर कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, सोनीपत रोड, रामगोपाल कॉलोनी
- 1.30 बजे से 3 बजे तक : 132 केवी कलानौर फीडर बाधित

## खबर संक्षेप

### कार और बाइक की टक्कर में युवक घायल

**रोहतक।** गांव खेड़ी साध के पास एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को राहीगरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में पंकज ने बताया कि वह गांव खरावड़ का रहने वाला है। आठ जनवरी को सुबह करीब 11 बजे बाइक पर घर से चला था। जब वह गांव खेड़ी साध से बाहर निकल बाईपास के पास पहुंचा तो पीछे से एक तेज रफ्तार कार आई। इसके बाद कार चालक स्टंट करते हुए वाहन को एकदम से मोड़ दिया और कार ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच का रही है।

### स्कूल से कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी

**रोहतक।** जसिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी हो गई। घिलौड पुलिस चौकी को दी शिकायत में देवेंद्र कुमार बताया कि वह विद्यालय में पीजीटी शिक्षक है। शीतकालीन अवकाश होने के कारण एक जनवरी से 15 जनवरी तक विद्यालय बंद था। 10 जनवरी को विद्यालय में आवश्यक कार्य के लिए स्टाफ के साथ विद्यालय आए थे। इसके बाद काम समाप्त कर सभी कमरों के ताले लगाकर चले गए। फिर 16 जनवरी को छुट्टियां समाप्त होने पर आए तो देखा कि प्राचार्य कक्ष, एनसीसी कक्ष, स्पोटर्स कक्ष व पीसीए कक्ष के ताले टूटे हुए मिले। इसके बाद स्कूला का सामान व रिकार्ड चेक किया। जिसमें एक कंप्यूटर, सीपीयू, प्रिंटर, मानीटर, इन्वर्टर व दो बैट्री चोरी हुई मिली। इसके बाद पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूल से चोरी कर ले गए। इसके बाद डायल 112 को सूचित किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मामराजपुरा में घर के बाहर से बाइक चोरी

**महम।** शहर की मामराजपुर कॉलोनी में मकान के बाहर से एक व्यक्ति का बाइक चोरी हो गया। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। महम थाने में दी शिकायत में समुंद्र पुत्र हवा सिंह ने बताया कि वह बहलबा गांव का रहने वाला है और फिलहाल मामरापुरा कॉलोनी महम में रहता है। वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने अपने एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल मामराजपुर कॉलोनी स्थित मकान के सामने खड़ी की थी। शाम को साढ़े 7 बजे उसने अपनी बाइक देखी तो वहां पर बाइक नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### जिले में कोहरे को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# हादसे रोकने को पुलिस अलर्ट वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**वाहन धीमी गति से चलाएं, धुंध में हमेशा लो -बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने मौजूदा मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सर्दियों में धुंध व कोहरे के दौरान सड़क यातायात एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने यात्रियों को धीमी गति से वाहन चलाने को कहा है। इसके साथ ही वाहन मालिक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैट्री व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। धुंध के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें, क्योंकि धुंध के दौरान हाई-बीम हेड लाइट कारगर नहीं होती है। इंडिकेटर्स को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपके वाहन का पता चल सके। यदि कोहरे के कारण दृश्यता न्यून हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें।

■ ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए

#### सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड मानकर चलाएं वाहन

यात्रियों से वाहनों के बीच उचित दूरी बनाने को कहा गया है। विजिबिलिटी यानी दृश्यता बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। ड्राइव करते समय जरूरी है कि ड्राइवर का पूरा ध्यान सड़क पर हो। धुंध के दौरान गाड़ियों की गति सीमा नियंत्रित रखने व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचे।



**रोहतक।** वाहन में रेट्रो-रिफलेक्टिव टेप लगाते पुलिस कर्मचारी।

#### वाहन के शीशा थोड़ा खुला रखें

बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें, ताकि जो दिखाई ना दे उसे सुनकर यात्रा को सुरक्षित बनाया जा सके। इमरजेंसी स्टॉप होने पर जहां तक संभव हो सड़क से नीचे वाहन को उतारें। ओवरटेकिंग, अतिरिक्त लेन बदलने, फ्री-वे और व्यस्त सड़कों पर वाहन रोकने से बचें। धुंध व कोहरे के मौसम में वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाए, जो धुंध व कोहरे के मौसम में कारगर साबित होती है। वहीं यातायात पुलिस ने सलाह दी है कि सड़क पार करने से पहले किनारे पर रुकें। मार्ग पर दाएं-बाएं देखें, मार्ग पर आने-जाने वाले वाहनों के हॉर्न सुनें और फिर कोई वाहन न होने पर ही आप सड़क पार करें। किसी भी आपात सहायता के लिए 112 व 108 एंबुलेंस की मदद लें। वाहन की जांच करें, तभी सवार हों। अपने वाहन के विंड स्क्रीन, वाइपर, बैट्री, इंजन ऑयल, ब्रेक और टॉयर जैसे जरूरी पार्ट जांच कर ही वाहन चलाएं।

#### धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम रहेगी



सर्दी-कोहरे के मौसम में एहतियात बरतने से स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रखेंगे। आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम रहेगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी।
**-वाईवीआर शशी शेखर**, एएसपी, रोहतक

#### नियमों का पालन करें

- वाहन की हेड लाइट को लो बीम पर रखें, हो सके तो फॉग लैंप का प्रयोग करें
- ठंड में गाड़ी के शीशे में जमा नमी को हीटर चलाकर दूर कर सकते हैं
- कोहरे में ड्राइविग करते समय संगीत बंद कर हॉर्न सुनने को अलर्ट रहें
- वाहन चलाते समय मार्ग पर बार-बार लेन बदलना घातक हो सकता है
- सावधानी से ओवरटेक करें, जल्दबाजी घातक हो सकती है
- वाहन में रेट्रो-रिफलेक्टिव टेप का प्रयोग अवश्य करें, इससे बचाव होगा
- वाहन के इंडीकेटर ऑन करते हुए ड्राइविंग न करें
- सामने के वाहन से तीन सेकेंड की दूरी बनाकर रखें

# चांदी में दीवार बनाने को लेकर विवाद में केस दर्ज

### पुलिस ने 13 पर मुकदमा दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम




- 19 नवंबर को दोनों पक्षों में हुआ था विवाद
- लाठी- डंडों के साथ तेजधार हथियारों के प्रयोग का आरोप

लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चांदी में 19 नवंबर को एक मकान की दीवार बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की दो महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने अब 16 जनवरी को इस मामले में 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नागरिक अस्पताल रोहतक में उपचाराधीन चांदी गांव निवासी जगवंती पत्नी जयबीर ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि 19 नवंबर 2024 को दोपहर करीब एक बजे उसकी बहन बबीता पत्नी अजमेर निवासी गांव चांदी, अपनी भैंस को बांधने के लिए घेर में गई थी।

जब वह वापस आई तो उसके पास उसके घेर में आ गई। उसी समय लक्ष्मण पुत्र दुलीचंद अपनी दीवार बनवाने लगा। जगवंती ने बताया कि इस बारे में उसने कहा कि पहले जो दीवार बनी हुठ थी वह सांझे की दीवार है। इस संबंध में मुझे लिखकर दे दो बाद में दीवार बना लेना। यह कहते ही रिंकु पुत्र लक्ष्मण, सिंपल पुत्र लक्ष्मण, मुकेंद्र पुत्र लक्ष्मण, तारीफ पुत्र सुंदर, अमित पुत्र शमेर, नेंदर पत्नी शमेर, कविता पत्नी टिंकू, सुनीता पत्नी मुकेंद्र, लक्ष्मण पुत्र दुलीचंद और चार अन्य जिनको वह नहीं जानती, इन सभी ने उसके साथ और उसकी बहन के साथ बेरहमी से मारपीट की। इन्होंने अपने हाथों में डंडे, भाला, कुल्हाड़ियां ले रखे थे। सिंपल नाम का लड़का हाथ में बंदूक लिए हुए था। सिंपल ने कहा कि इन्हें डंडों से कुछ नहीं होगा, गोलियों से उड़ा दो। इन्होंने इस दौरान उसकी बहन बबीता का मोबाइल फोन और कानों की बालियां छीन ली। साथ ही उसकी भी कानों की बालियां और नाक की तिल्ली निकाल ली। जो आरोपितों के ही पास हैं। उनका फोन और सोने के गहने बरामद किए जाएं और आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में पुलिस ने रिंकू, सिंपल, मुकेंद्र, तारीफ, अमित, नेंदर, कविता, सुनीता, लक्ष्मण और चार अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रेलवे ऐलिवेटिड ट्रैक के साथ सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

### नगर निगम आयुक्त ने बैठक लेकर की समीक्षा

**रोहतक।** नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने वीरवार को रेलवे ऐलिवेटिड ट्रैक के साथ प्रस्तावित सड़क निर्माण के कार्य की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आयुक्त ने कार्यकारी अभियंता मंदीप सिंह व नगर अभियंता सुनिल कुमार से कार्य की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य में तेजी लाई जाये। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित सड़क के निर्माण से आमजन व आस पास के निवासियों को काफी सुविधा मिलेगी, इसलिए इस कार्य को गंभीरता लें। इस मौके पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- लापरवाही मिलने पर ठेकेदार व एजेंसी पर की जाएगी सख्त कार्रवाई
- समय समय पर निगम के अधिकारी करेंगे निरीक्षण


**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त।

#### गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें

इसके अलावा नगर निगम आयुक्त ने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरंतर निरीक्षण कर कार्य की निगरानी की जाये। साथ ही कार्यो में गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाये जाएं। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्य में कोई लापरवाही मिलती है तो संबंधित ठेकेदार, एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाये।

## ऑफिस परिसर स्वच्छ व साफ-सुथरा न मिलने पर अधिकारी नपेंगे

**रोहतक।** डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा है कि सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते 17 जनवरी तक अपने-अपने कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाएं और पुराना कचरा जहां भी है उसको साफ करें। सफाई अभियान की फोटो और वीडियो संबंधित मेल भेजें और पोर्टल पर अपलोड करें। डीसी ने कहा है कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। स्वयं की स्वच्छता रखने के साथ-साथ कार्यालय परिसर को भी साफ रखना जरूरी है। इसी के चलते सरकार द्वारा 13 से 17 जनवरी तक स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत अपने-अपने कार्यालय को साफ रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे 17 जनवरी तक अपने कार्यालय परिसर को साफ सुथरा बनाएं। सफाई में किसी प्रकार की कोताही को सहन नहीं किया जाएगा। डीसी ने कहा है कि देश के संविधान को अपनाने के 75 वीं वर्षगांठ पर पूरे भारतवर्ष में संविधान अपनाने का एक उत्सव मनाया जा रहा है। इसके चलते विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम में आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के चलते 17 जनवरी को जिले भर में जगह- जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



■ अधिकारी सफाई का फोटो व वीडियो भेजें : डीसी

## जूडो में रोहित ने जीता गोल्ड मेडल



**रोहतक।** जीएनडीयू अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एवं महिला जूडो प्रतियोगिता में एमडीयू के रोहित ने 100 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर इतिहास रचा और एमडीयू का नाम रोशन किया। एमडीयू के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर गुलशन लाल तनेजा, प्रोफेसर रणदीप राणा प्रोफेसर अनूप मान और खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी ने गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी रोहित, गर्वित, कुमारी प्रीति, कुमारी तमन्ना ओर उनके कोच डॉ. सुभाष शर्मा और मैनेजर डॉ. पदमा मित्तल को बधाई दी।

## मदवि में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता 23 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 23 जनवरी को नेता सुभाष चंद्र बोस जयंती तथा इंडियन कांस्टिट्यूशन 75 के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का थीम रहेगा-नो योर कांस्टीट्यूशन, मेकिंग ऑफ द कॉनस्टिट्यूशन, ग्लोरी आफ कांस्टीट्यूशन तथा प्रीऐम्बल ऑफ द कांस्टीट्यूशन। यह कार्यक्रम स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में प्रातः 9.30 बजे से प्रारंभ होगा वहीं विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 22 जनवरी को- कंप्रिहेंसिव ट्रेनिंग ऑन टेंडरिंग प्रॉसीजर्स एंड बिड इवैल्यूएशन विषयक कार्यशाला का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि एमडीयू के वित्तीय सलाहकार एनआर शर्मा बतौर की-नोट स्पीकर इस कार्यशाला में शिरकत करेंगे। यह कार्यशाला एफडीसी के सेमिनार हाल में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी।

# मदवि में जल्द बनेगा स्टार्टअप बेस्ड फूड पार्क

### ■ विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने दी जानकारी ■ बोले, यूनिवर्सिटी में नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्टार्टअप बेस्ड फूड पार्क बनेगा। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बृहस्पतिवार को फूड पार्क बनने की घोषणा नेशनल स्टार्टअप डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम में की। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू में फूड पार्क की स्थापना हॉस्पिटैलिटी की क्षेत्र नवाचार को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि फूड पार्क स्टार्टअप के क्षेत्र में मील का पत्थर होगा। कुलपति ने कहा कि एमडीयू में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने संस्थान में स्टार्टअप की संस्कृति को बढ़ावा देने वाली पहलों बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में आईएचटीएम स्टार्टअप को प्रोत्साहन दे रहा है। निदेशक सीआईआई प्रो. राहुल ऋषि ने भविष्य की स्टार्टअप योजनाओं बारे जानकारी दी। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर की बतौर विशिष्ट अतिथि गरिमामय उपस्थिति इस अवसर पर रही।

■ विवि प्रशासन योजना पर तेजी से कर रहा कार्य




#### शिक्षक रहे मौजूद

इस दौरान डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस. मान, रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश ढुरेजा, डीएसडब्ल्यू प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, प्रो. सत्यवान बरोदा, प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. सुमित गिल, प्रो. संदीप मलिक, डॉ. प्रतिमा देवी, डॉ. सुमेरा, डॉ. अनार सिंह ढुल, पीआरओ पंकज नैन समेत शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लाखनमाजरा में चोरों का आतंक, नकदी व गहने चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

■ दो दिन में दो चोरी से हड़कंप, पुलिस ने जांच की शुरू

लाखन माजरा गांव में चोरों ने आतंक मचाया हुआ है। लगातार दो दिन से चोरी की घटनाएं हो रही हैं। एक दिन पहले रात्री के समय एक दुकान में चोरी होने की वारदात सामने आई थी। अगली ही रात को चोरों ने लाखन माजरा गांव के एक मकान से लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी कर लिए। इस संबंध में पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत लाखन माजरा थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुशीला पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि 15 जनवरी की रात को वह अपने कमरे में सो गई। वह उस कमरे में अकेली ही सोई थी। सुबह पांच बजे के करीब उठी तो उसने देखा कि बाहर से उसके दरवाजे की कुंडी लगी हुई है। उसने शोर मचाया तो पड़ोसियों ने उसका दरवाजा खोला। बाहर आकर दूसरे कमरे में देखा तो अलमारी खुली पड़ी है और अलमारी का सामान बाहर बिखरा पड़ा है। उसने चैक किया तो उसे अलमारी से सोने, चांदी के गहने और 40 हजार रुपए नकदी चोरी हुई मिली। गहनों में एक सोने का कड़ा, एक जोड़ी कानों की बालियां, एक सोने की अंगूठी, तीन नाक की सोने की लोंग, एक सोने का ओम, एक जोड़ी चांदी की कड़ली, एक जोड़ी चांद सूरज चांदी के चोरी हुए हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस से सोने चांदी के चोरी हुए गहने और 40 हजार रुपए नकदी बरामद करवाने की मांग की है। साथ ही चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बच्चों, तुमने अपने घर के आस-पास या चिड़ियाघर में अलग-अलग आकार-प्रकार और रूप-रंग वाले पक्षी देखे होंगे। वैसे तो सभी पक्षियों के शरीर पर चोंच होती है। लेकिन दुनिया में कुछ पक्षी ऐसे हैं, जिनकी चोंच बहुत अनोखी होती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में बता रहे हैं, जो अपने खास किस्म की चोंच के लिए जाने जाते हैं।



# बड़ी अनोखी होती है इन पक्षियों की चोंच

पक्षी जगत

इंदिरा त्रिवेदी

बच्चों, दुनिया में असंख्य पक्षी पाए जाते हैं। इनमें से कुछ ऐसे पक्षी भी हैं, जिनका नामकरण उनकी चोंच के आकार के आधार पर किया गया है। यह तो तुम जानते ही हो कि चोंच को अंग्रेजी में 'बीक', 'निब' या 'बिल' कहा जाता है। जानो, कुछ ऐसे पक्षियों के बारे में, जिनकी चोंच उन्हें अलग पहचान देती है।

## चम्मच जैसी चोंच वाला स्पूनबिल



चम्मच (स्पून) के आकार की चोंच के कारण इसे 'स्पूनबिल' कहा जाता है। स्पूनबिल की चोंच का आकार चपटा और चम्मच की तरह होता है। यह कम गहराई वाले जल-समूहों (जलाशयों) के आस-पास रहता है। पतले और लंबे पैरों वाले इस पक्षी को नदियों का स्वच्छ पानी और प्राकृतिक पर्यावरण ज्यादा पसंद आता है, जहां उनके लिए बड़ी मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। यह मछलियां, जलीय कीड़े-मकोड़े और छोटे मेंढक आदि खाता है। मादा स्पूनबिल एक बार में 2 से 4 तक अंडे देती है। अंडों की देखभाल नर और मादा मिलकर करते हैं। करीब सात सप्ताह में शिशु स्पूनबिल उड़ने में सक्षम हो जाते हैं। स्पूनबिल रात के अंधेरे में भी अपना शिकार ढूंढ़ लेते हैं। यूरोप, अफ्रीका और एशिया के कई देशों से स्पूनबिल पक्षी, भारत भी आते हैं। दुनिया भर में स्पूनबिल की कई प्रजातियां पाई जाती हैं, इनमें रोजेट स्पूनबिल, रॉयल स्पूनबिल आदि शामिल हैं।

**रोजेट स्पूनबिल:** यह अमेरिका से लेकर मध्य अर्जेंटीना में पाया जाता है। दुनिया में स्पूनबिल की पांच प्रजातियां सफेद पंखों वाली होती हैं, लेकिन गुलाबी पंखों वाला यह स्पूनबिल केवल अमेरिका में पाया जाता है।

**रॉयल स्पूनबिल:** इसे ब्लैक-बिल्ड स्पूनबिल भी कहा जाता है। यह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी और सोलोमन द्वीप समूह के ताजे और खारे पानी के आस-पास पाया जाता है। यह एक दलदली पक्षी है। यह मछली, शंख, केकड़े आदि खाता है। सफेद रंग के इस पक्षी की चोंच पर एक स्पैटुला होता है। *

## जूते जैसी चोंच वाला शूबिल



'शूबिल' नाम दिए जाने की वजह इसकी शू यानी जूते के आकार की चोंच है। यह चोंच करीब एक फीट तक लंबी और 5 इंच तक चौड़ी हो सकती है। इसके किनारे नुकीले होते हैं। साथ ही, सिरे पर एक नुकीला हुक भी होता है, जिसकी मदद से यह फिश, ईल और सांप जैसे जंतुओं का शिकार करता है। इसकी लंबाई लगभग इंसानों के बराबर होती है। शूबिल स्टॉर्क को दुनिया का सबसे भयानक पक्षी भी कहा जाता है, क्योंकि यह बड़े आकार के जंतुओं का भी शिकार कर लेता है। यह मुख्य तौर पर पूर्वी अफ्रीका के देशों इथियोपिया, दक्षिणी सूडान और जांबिया में पाया जाता है। इसे 'स्टुपिड बर्ड' यानी 'मूर्ख पक्षी' भी कहा जाता है, क्योंकि यह लंबे समय तक अपने शिकार के इंतजार में एक ही पोजिशन में स्थिर खड़ा रहता है। *

## खुली चोंच वाला ओपनबिल



**इस पक्षी** की चोंच आपस में मिली हुई न होकर, बीच से खुली हुई होती है, इसलिए इसका नाम 'ओपनबिल' पड़ा। इसे एशियाई चोंचखुला (ओपन बिल) या घोंघिल के नाम से भी जाना जाता है। यह बड़े आकार का पक्षी होता है। इसकी चोंच बीच में खुली होने से इसे घोंघा और अन्य छोटे जंतुओं को आसानी से खाने में मदद मिलती है। चोंच का यह खुलापन, शिशु ओपनबिल में नहीं होता, आयु बढ़ने के साथ-साथ इसकी चोंच खुलती जाती है।

ओपन बिल का शरीर भूरा या सफेद रंग का होता है और पंख और पूंछ काले रंग के होते हैं। यह मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। एशियाई ओपनबिल उथले दलदली, बाढ़ वाले कृषि क्षेत्रों, झीलों और आर्द्रभूमि में रहते हैं। *

## सींग जैसी चोंच वाला हॉर्नबिल



**हॉर्न बिल** की चोंच लंबी और नीचे की ओर घूमी हुई होती है और ऊपर वाली चोंच के ऊपर लंबा सींग (हॉर्न) जैसा उभार होता है। इसी वजह से इसका नाम हॉर्नबिल पड़ा। इसे 'धनेश पक्षी' भी कहा जाता है। हॉर्नबिल सर्वाहारी पक्षी है, जो फल, कीड़े और छोटे जंतु खाता है। दुनिया भर में हॉर्नबिल की करीब 62 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 9 प्रजातियां भारत के घने जंगलों और द्वीपों में पाई जाती हैं। हॉर्नबिल को ग्रेट हॉर्नबिल, ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत के अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में पाया जाता है। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चों, तुमने सुपर मार्केट या शॉपिंग मॉल में व्हील वाला शॉपिंग कार्ट जरूर यूज किया होगा। आजकल तो ये कार्ट्स छोटे-मोटे शॉपिंग स्टोर्स में भी रखे जाते हैं। क्या तुम्हें पता है, ये शॉपिंग कार्ट उपयोग में कैसे आए, जानो।

# शॉपिंग कार्ट की कहानी

बच्चों, जब तुम मम्मी-पापा के साथ किसी शॉपिंग सेंटर में जाते हो तो वहां रखी शॉपिंग कार्ट या ट्रॉली लेकर उसमें सामान रखते होगे। क्या तुम जानते हो इस शॉपिंग ट्रॉली का आविष्कार किसने किया है? इसके आविष्कार की कहानी बहुत रोचक है, जानो-

**हंप्टी-डंप्टी के ऑनर ने बनाई योजना:** बच्चों, हंप्टी-डंप्टी कोई कार्टून कैरेक्टर नहीं है। दरअसल, अमेरिका में एक ग्रॉसरी स्टोर्स की चेन का नाम था- हंप्टी-डंप्टी। उसके ऑनर सिल्वन गोल्डमैन ने नोटिस किया कि कस्टमर्स उतना ही समान खरीदते हैं, जितना वे अपने बास्केट में रख सकते हैं। बास्केट भर जाने पर वे पेमेंट करके चले जाते थे। स्टोर का ऑनर चाहता था कि लोग ज्यादा से ज्यादा समान खरीदें। इसके लिए उसने बास्केट के स्थान पर पहियों वाले शॉपिंग कार्ट रखने की योजना बनाई, जिसमें लोग ढेर सारा सामान रख सकें और स्टोर में शॉपिंग के दौरान इसे लेकर आसानी से चल सकें। साल 1937 में सिल्वन गोल्डमैन ने अपने भाई अल्फ्रेड के साथ मिलकर व्हील्स वाले शॉपिंग कार्ट का निर्माण किया।



**शॉपिंग कार्ट उपयोग करने में लोगों को होती थी झिझक:** जिस शॉपिंग कार्ट को आज लोग बेझिझक सामान रख कर चलाते हैं, शुरुआत में उस कार्ट का प्रयोग करने में लोगों को झिझक होती थी। उन्हें लगता था कि इस कार्ट में सामान रखकर चलते हुए वे अजीब दिखेंगे, इसीलिए स्टोर में शॉपिंग के दौरान कोई भी कार्ट का उपयोग नहीं करता था। *

### काम आया स्टोर ऑनर का आइडिया

स्टोर ऑनर ने कार्ट का इस्तेमाल करने में लोगों की झिझक को दूर करने के लिए एक उपाय निकाला। उसने यंग मेल और फी-मेल मॉडल्स को अपने स्टोर में नियुक्त किया। उन यंग मॉडल्स का बस इतना काम था कि वे शॉपिंग कार्ट में सामान भरकर स्टोर से आते-जाते रहें ताकि लोगों को लगे कि वे खरीदारी कर रहे हैं। इसका प्रभाव यह हुआ कि उन खूबसूरत मॉडल्स को कार्ट का इस्तेमाल करते देखकर बाकी लोग भी कार्ट का प्रयोग करने लगे। इसके बाद तो धीरे-धीरे शॉपिंग कार्ट के प्रयोग का ट्रेंड बढ़ता चला गया। आज लोग शॉपिंग करते समय इसका अधिक से अधित उपयोग करते हैं।



## जीके क्विज-137

1. इन दिनों महाकुंभ का आयोजन भारत के किस शहर में किया जा रहा है?
2. हाल में चर्चा में रहा 'यूरोपा' किस ग्रह का उपग्रह है?
3. किस शब्द को ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है?
4. वेंबनाड झील भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
6. जंतर-मंतर का निर्माण किसने करवाया था?
7. रेडियो का आविष्कार किसने किया था?
8. ऑस्टियोपोरोसिस रोग से शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?
9. देश के वर्तमान वायुसेना प्रमुख कौन हैं?
10. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?



बच्चों, जीके क्विज-137 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-136 का उत्तर :** 1.चार, 2.वी. रामसुब्रमण्यम, 3.बिहार, 4.निशानेबाजी, 5.जेनेवा, 6.क्रस्ट, 7.शुक्र, 8.एलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 9. 6 (छह), 10.एपीजे अब्दुल कलाम

**जीके क्विज-136 का सही उत्तर देने वाले :** आकाश-रायपुर, दीप्ति-बिलासपुर, काव्या-भोपाल, ललित-रोहतक, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, कबीर-हिसार, रेखा-सीतापुर, चंद्रकला-अंबिकापुर

## हंसगुल्ले

**चिंटू** : मम्मी बीस रुपए चाहिए गरीब को देने हैं।
**मम्मी** : कहां है गरीब?
**चिंटू** : बाहर कड़कड़ाती सर्दी में मूंगफली बेच रहा है।

-जतिन, रायपुर

**टीचर (सोनू से)** : बोर्ड पर तैंतीस (33) लिखो।
**सोनू** : सर, कैसे लिखते हैं?
**टीचर** : तीन लिखो, फिर उसके साइड में एक और तीन लिखो।
सोनू बोर्ड पर 3 लिखकर रुक गया।
**टीचर** : क्या हुआ, रुक क्यों गए?
**सोनू** : सर, समझ नहीं आ रहा कि दूसरा तीन इस तीन के किस साइड लिखूं।

-सुमित, बिलासपुर



**मिंटू** : विटामिन सी सबसे ज्यादा किस चीज में पाया जाता है?
**चिंटू** : हरी मिर्च में।
**मिंटू** : तुम्हें कैसे पता?
**चिंटू** : क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।


-हर्षित, रोहतक

कहानी

आशा शर्मा

नंदू, मेले में ऊंचाई वाले चकरी झूले पर बैठ तो गया, लेकिन झूला जैसे ही ऊंचाई पर पहुंच कर नीचे की ओर आता वह बुरी तरह घबरा जाता। दूसरे दिन उसके कान में सीटियां बज रही थीं। उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ा, उन्होंने कान में सीटियां बजने की क्या वजह बताई?

# मेला



गांव के बाहर वाले रामलीला मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर मेला लगा था। मेला भी ऐसा कि बस देखते ही रह जाओ। घरेलू सामान और कपड़ों से लेकर मोटर गाड़ी तक सब था। खाने-पीने की बहुत-सी सामग्री के तो नंदू ने केवल नाम ही सुने थे। सबसे गजब जो था, वह था चकरी वाला झूला। पचास फीट ऊंचा झूला रात में देखो तो लगता है जैसे रंग-बिरंगी रोशनी गोल-गोल घूम रही हो। नंदू के लगभग सभी दोस्त इस मेले में घूम आए थे, बस उसी के पापा को समय नहीं मिल रहा था। जब तक पापा घर लौटते, रात हो जाती और फिर बाहर ठंड भी तो बहुत ज्यादा रहती थी। पापा ने रविवार के दिन दोपहर में मेला चलने का वादा किया था।

नंदू बेसब्री से रविवार का इंतजार कर रहा था। उसने अपने दोस्तों के सामने सीना चौड़ा करके कहा था, 'मैं तो उस ऊंचे वाले झूले पर बैठूंगा।'

'तुझे डर नहीं लगेगा?' उसके दोस्त रोहन ने पूछा तो नंदू उसका मजाक उड़ाते हुए बोला, 'मैं कोई बच्चा हूं क्या? बड़ा हो गया हूं। मुझे डर नहीं लगता।' नंदू ने स्टाइल से बालों में हाथ फिराते हुए जवाब दिया।

रविवार को नंदू, हर छुट्टी वाले दिन की तरह जरा देर से उठा। रजाई से बाहर मुंह निकाल कर खिड़की की तरफ देखा तो बहुत उजाला नहीं दिखा। वह फिर से रजाई में घुसने वाला था कि तभी उसकी निगाह सामने लगी घड़ी पर गई तो वह उछल पड़ा, 'अरे! बाप रे! दस बज गए। आज तो मेला जाना है।' वह तुरंत रजाई से बाहर आया। देखा तो चारों तरफ धुंध ही धुंध छाई हुई थी। आंगन में लगे पौधे तेज हवा के कारण हिल रहे थे।

'पूरे कपड़े पहन कर बाहर आना। शीतलहर चल रही है। हवा कान में घुस गई तो बीमार हो जाओगे।' मम्मी ने नंदू को बिना स्वेटर कमरे से बाहर निकलते देखा तो टोका, लेकिन नंदू को कहां उनकी बात सुनने का समय था। वह तो सीधा पापा के पास गया, उन्हें याद दिलाया, 'आज आपने मेले में जाने का वादा किया था।'

'आज नहीं नंदू, फिर किसी दिन चलेंगे। आज मौसम बहुत खराब है। इतनी सर्दी में बाहर जाने से अच्छा है कि हम घर में ही रजाई में घुसे-घुसे कुछ मजेदार खेल खेलें।' पापा ने उसे समझाया, लेकिन नंदू ने उनकी एक नहीं सुनी, मेले में जाने की जिद पकड़ कर बैठ गया। आखिर पापा को उसे मेले में ले जाना ही पड़ा।

नंदू ने ठिठुरते हुए मेला घूमा। चाट खाने के बाद उसने सबसे ऊंचे वाले चकरी झूले पर बैठने की जिद की। पापा ने फिर समझाया कि ऊंचे झूले पर हवा अधिक लगेगी और बीमार होने का खतरा बना रहेगा, इसलिए वह किसी छोटे झूले की सवारी ही करे, लेकिन उसे तो अपने दोस्तों पर रौब जमाना था, इसलिए वह अड़ गया और चकरी वाले झूले पर बैठकर ही माना।

चूंकि अधिक सर्दी के कारण मेले में लोग कम ही थे और झूले पर तो और भी कम, इसलिए नंदू को लाइन में नहीं लगना पड़ा। टिकट लेकर वह झूले पर सवार हो गया। झूले पर उसके अलावा चार-पांच लोग ही थे। झूला चलना शुरू हुआ। झूला ऊपर गया तो नंदू को बहुत मजा आया, लेकिन जैसे ही वह अपनी अधिकतम ऊंचाई से नीचे की तरफ आया, नंदू का कलेजा धक-धक करने लगा। वह भारहीन अवस्था में जो आ गया था। धीरे-धीरे झूले की गति बढ़ती गई और हर चक्कर के साथ नंदू की धुकधुकी भी। ऊपर हवा इतनी ठंडी थी कि नंदू को रोना आने लगा। किसी तरह से झूला थमा और नंदू नीचे उतरा। पापा ने महसूस किया कि नंदू चुप हो गया।

अगले दिन स्कूल जाने पर नंदू को महसूस हुआ मानो उसके कान भारी हो गए हों। सीटियां-सी बज रही थीं। उसे कम सुनाई दे रहा था। दो-चार दिन महसूस करने के बाद उसने अपने पापा को बताया तो वे उसे नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉक्टर के पास लेकर गए।

'हवाई जहाज की यात्रा की थी या ऊंचे झूले पर बैठे थे?' डॉक्टर ने पूछा तो नंदू ने चकरी वाले झूले के बारे में बताया।

'इसे ईयर बैरोट्रोमा कहते हैं, जो अकसर ऊंची जगह पर हवा के दबाव में बदलाव के कारण होता है। फिलहाल बात गंभीर नहीं है, लेकिन भविष्य में ध्यान रखना। यदि ऐसी जगह पर जाना पड़े तो कान में रूई ठूंस लेना।' डॉक्टर ने हंसते हुए बताया और नंदू के लिए दवाइयों की लिस्ट बनाने लगे।

नंदू ने मन ही मन भविष्य में इतने ऊंचे झूले पर नहीं बैठने का संकल्प ले लिया था। *

कविता

डॉ. राकेश चक्र



## कितने प्यारे रंग भर दिए

कितने प्यारे रंग भर दिए
चिड़ियों के पंखों में किसने।
नव-नूतन संसार बनाया
क्या सचमुच ही ईश्वर ने।।

बड़ी मनोहर चिड़ियां आएं
प्रतिदिन अपने बागों में।
साथ सदा मिलकर हैं रहतीं
गाएं नूतन रागों में।।

इनकी चोंच नुकीली अतिशय
मन भी देख लगा रमने।।


काला, पीला, लाल, सुनहरा
खूब सजा पंखों का रंग।
खाएं दाना बड़ी मगन हों
खेलें, उड़ें करें न तंग।।

रखना जल से भरे पात्र सब
धरा लगी लू से तपने।।

पेड़ लगेंगे, चिड़ियां चहकें
नीड़ बनेंगे विटपों के।
हरी-भरी सब धरती होगी
जल पीएं भर मटकों के।
सरल, सहज सब जीवन जीएं
सृष्टि खुद लगेगी सजने।।


## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



## सही वर्ड बनाओ

बच्चों, यहां प्रत्येक चित्र के बगल में कुछ लेटर्स और नीचे लेटर्स की बराबर संख्या में ही बॉक्स दिए गए हैं। तुम इन लेटर्स को सही से अरेंज करके दिए गए बॉक्स में इस तरह से भरो कि बनने वाला वर्ड चित्र में दिए गए एनिमल या ऑब्जेक्ट का नाम हो।




## एक अलग चित्र को खोजो

बच्चों, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी चित्र जोड़े में हैं। एक मात्र चित्र ऐसा है, जो जोड़े में नहीं है। इस अकेले चित्र को ढूंढो।



खबर संक्षेप

## ललित मोहन सैनी को भ्राता शोक



**रोहतक।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता ललित मोहन सैनी के छोटे भाई रवि सैनी का आकस्मिक निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे, तथा पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को गोहाना रोड स्थित श्मशान भूमि पर किया गया। उनके निधन की खबर सुनते ही उनके निवास पर शोक जताने शहर के अनेक राजनीतिक, व्यापारी नेता एवं सामाजिक व्यक्ति पहुंचे।

## बेगा में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गन्नौर।** बेगा गांव में सरकारी अस्पताल के निकट एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में साईकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने गन्नौर अदालत में इस्तगासा दायर किया। सुनवाई करते हुए अदालत ने थाना गन्नौर पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। शिकायत में बेगा गांव के तयूब ने बताया कि 30 सितंबर 2024 को उसके पिता मांगा साईकिल पर अपनी दवा लेने बेगा के सरकार अस्पताल जा रहे थे।

# सरकार ने बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर को हमेशा सम्मान दिया: फणीन्द्र नाथ

## संविधान गौरव यात्रा अभियान को महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने हरी झंडी दिखाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को लेकर प्रदेशभर में भाजपा द्वारा संविधान गौरव यात्रा का अभियान चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित बाबासाहेब डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से संविधान गौरव यात्रा की शुरुआत की गई, जिस का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आदित्य बत्रा ने अध्यक्षता करते हुए यात्रा में उपस्थित लोगों का वहां पहुंचने पर अभिनन्दन किया। इस दौरान मदवि के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर संविधान सम्मान यात्रा की भूरी-भूरि प्रसंशा की।

बाबा साहब के अनुयाई हाथों में तिरंगा लेकर बाइक व साइकिलों पर सवार होकर संविधान गौरव यात्रा जय भीम व भारत माता की जय के नारों के साथ मदवि से मेडिकल मोड़, अशोका चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे। जहां बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं बीजेपी एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचारों को भाजपा द्वारा अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर को हमेशा सम्मान दिया, चाहे उनके सम्मान में पंचतीर्थ निर्माण हो और चाहे भारत रत्न सम्मान की बात हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा की संविधान गौरव यात्रा का कार्यक्रम जनवरी माह के अंत तक चलेगा और बाबा साहब के विचारों को जनता के बीच लेकर जाएंगे। उसमें चाहे धारा 370 हटाने की बात हो या आपातकाल की घोषणा का विषय सम्मिलित हो। समापन समारोह को संत स्वदेश कबीर, कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ अशोक कुमार रंगा, एडवोकेट राकेश सपड़ा, डॉ संजय जाखड़ व पूर्व डिप्टी मेयर राजकमल उर्फ राजू सहगल ने भी संबोधित किया।

### संविधान रक्षा की शपथ दिलाई

वहीं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आदित्य बत्रा ने कहा कि संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शीर्ष नेतृत्व डॉ बी आर अंबेडकर की नीतियों का अनुसरण करते पंक्ति में खड़े हुए आखिरी इंसान तक सब योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उधर यात्रा के सहसंयोजक डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने मजदूरों, महिलाओं और समाज के वंचित व कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने को लेकर अहम योगदान दिया, जिसे देश आज भी याद करता है। उनकी प्रेरणा युवाओं के लिए किसी रोशनी के चिराग से कम नहीं हैं। इस मौके पर सभी को संविधान रक्षा की शपथ भी दिलवाई।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, पूर्व विधायक सरिता नारायण, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल माली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नागेंद्र शर्मा, हिमांशु ग्रोवर, पूर्व मेयर रेनू डाबला, डॉ. दिनेश घिलौड, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपू नागपाल, राजकुमार कपूर, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, मनीष दांगी, कपिल नागपाल, रमा बल्हारा, सुरेश किराड, अजय खुंडिया, एडवोकेट अत्तर पवार, ओमप्रकाश बागड़ी, जिला महामंत्री आशा शर्मा, अनीता बुधवार, सुमिता भाटिया जांगड़ा, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, मंगल सिंह व शमशेर कलिंगा मौजूद रहे।



**रोहतक।** विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक लेते महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी ।

# 22 तक मनेगा मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की 10 साल से 45 साल की बालिकाओं व महिलाओं को हर माह वितरित किए जाते है सैनेटरी नैपकिन के पैकेट

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिला स्तरीय महिला एवं किशोरी सम्मान योजना के तहत मासिक धर्म स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया, जो 22 जनवरी तक मनाया जाएगा। बैठक में जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर भी उपस्थित रही। उन्होंने बताया कि महिलाओं व किशोरी लड़कियों के लिए हरियाणा सरकार द्वारा महिला एवं किशोरी सम्मान योजना 5 अगस्त 2020 से चलाई जा रही है।

इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की 10 साल से 45 साल की बालिकाओं व महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से हर माह सैनेटरी नैपकिन के पैकेट वितरित किए जाते है, ताकि महिलाएं अपने मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता का ध्यान रख पाएं व स्वस्थ रहे।

### ये रहीं मौजूद

इस दौरान जिले की सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पोषण कोऑर्डिनेटर, पीएमवीवीवाई, लेखा सहायक तथा प्रथम संस्था की कोऑर्डिनेटर उपस्थित रही।

# एसीयूटी ने किया मोखरा खास व मोखरा खेड़ी के रास्ते का निरीक्षण



**रोहतक।** मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से जानकारी लेते एसीयूटी अभिनव सिवाच। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ विवादित रास्ते का किया निरीक्षण, ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया

एसीयूटी अभिनव सिवाच ने मोखरा खास तथा मोखरा खेड़ी गांव के विवादित रास्ते का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ संबंधित रास्ते का मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। उन्होंने इस बारे में ग्राम पंचायतों के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से भी संवाद किया। उपायुक्त न्यायालय में दोनों गांव के मद्दे रास्ते को लेकर एक मामला लंबित है, जिसके निपटारे के लिए एसीयूटी को संबंधित रास्ते का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। एसीयूटी द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

# जाट स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस कैंप का आगाज




हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ कार्यक्रम अधिकारी रेखा मलिक ने स्वयंसेवियों को सप्ताह में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी

जाट स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ हुआ। विद्यालय इंचार्ज सुनीता मलिक ने कैंप का शुभारंभ किया और स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और जीवन में अनुशासन रखने समाज के प्रति आपसी सद्भावना कायम रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी रेखा मलिक ने स्वयंसेवियों को सप्ताह में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया और स्वंयसेवियों को बैज व कैप दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विनोद राठी, जगदीप हुड्डा, रेखा दलाल, सुरेन्द्र व अनिल आदि उपस्थित रहे।

# यदुवंशी में चेयरमैन स्कॉलरशिप परीक्षा 19 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



यदुवंशी शिक्षा निकेतन में चेयरमैन स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 19 जनवरी को किया जाएगा, जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। यदुवंशी शिक्षा निकेतन द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के लिए यह परीक्षा एक अनुकरणीय पहल है। यह परीक्षा न केवल छात्रों की शैक्षणिक क्षमता को पहचानने का जरिया है, बल्कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने का भी एक प्रयास है। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक रहेगा। जिस गांव व शहर में विद्यालय की बसें जाती हैं वहां पर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा रहेगी। स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 15 जनवरी को पूरी कर ली गई है। किंतु किसी कारणवश किसी भी विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन नही हो पाया हो वह विद्यार्थी विद्यालय में आकर परीक्षा से पहले रजिस्ट्रेशन करवा सकता है और परीक्षा दे सकता है।

स्कॉलरशिप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों की शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करना है। इस परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर विशेष छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते है। परीक्षा केंद्र विद्यालय परिसर में होगा और विभिन्न विद्यालयों के छात्र समय पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते है। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि अभिभावकों के आर्थिक बोझ को मद्देनजर रखकर प्रतिभावन विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जा रही है। यदुवंशी शिक्षा संस्थान प्रारंभ से ही शिक्षा के प्रति सजग है।

यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि स्कॉलरशिप परीक्षा के माध्यम से होनहार विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने व एकाग्रता से पढ़ाई करने के लिए एक सुनहरा मौका दिया जा रहा है। यदुवंशी ग्रुप का इतिहास हमेशा गौरवमयी रहा है। यदुवंशी के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की है। यदुवंशी समय-समय पर नए स्कूलों की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं उनको स्कॉलरशिप प्रदान कर प्रतिभावन विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहा है। यदुवंशी ग्रुप हमेशा शिक्षाहितार्थ अभिभावकों के साथ खड़ा है। इस परीक्षा की तैयारियों के लिए वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह ने दिशा-निर्देश दिए।

# एनएसएस शिविर मनाली में सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

■ मोनू ने शिविर की सात दिनों की गतिविधियों का सार प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनएनएस सेल के तत्वावधान में एनएसएस युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर हिमाचल प्रदेश के मनाली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सात दिवसीय शिविर ने साहसिक गतिविधियों, सांस्कृतिक अनुभवों, सामाजिक सेवा, स्वच्छता अभियान और टीम-बिल्डिंग के माध्यम से स्वयंसेवकों में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित की।

एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. सविता राठी ने बताया कि इस शिविर के दौरान रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेकिंग और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने मणिकरण साहिब गुरुद्वारा, हिडिंबा मंदिर और मनु ऋषि मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। "एड्स जागरूकता" और "जिम्मेदार पर्यटक" विषयों पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि मनीष शर्मा (एसएचओ, मनाली), और विशिष्ट अतिथिराम वैदा का भव्य स्वागत किया। स्वयंसेवक आशीष ने शिविर की संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी साझा की, जबकि खुशी और महक ने अपनी शानदार कविताओं से दर्शकों का मन मोह लिया। मोनू ने शिविर की सात दिनों की गतिविधियों का सार प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मनीष शर्मा ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और समर्पण की सराहना की और भविष्य में सफलता के लिए शिविर में सीखी गई शिक्षाओं को अपनाने की प्रेरणा दी। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में दिव्या (जीजीडीएसडी कॉलेज, पलवल), ईशा (आईसी कॉलेज, रोहतक), और कनिका (जीवीएम कॉलेज, सोनीपत) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डॉ. अभिमन्यु मलिक और डॉ. मनीषा बेदी के नेतृत्व में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. सविता राठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# मदवि के दृश्य कला विभाग में महाकुंभ के अवसर पर कला प्रदर्शन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विवि के दृश्य कला विभाग में महाकुंभ के अवसर पर कला प्रदर्शन का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में विभाग के विधार्थियों अमन, राहुल, प्रिंस,मनीष आनंद ने विभिन्न कलाकृतियां बनाईं। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया तथा महाकुंभ के महत्व को समझा कि महाकुंभ केवल धार्मिक योजना नहीं बल्कि आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक एकता का अवसर है।




### सूचना

मैं, सत्यवान पुत्र श्री चतर सिंह निवासी खरक जाटान, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय तथा मेरी पुत्रवधु कांता मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## समाधान शिविर में हर व्यक्ति की सुनी जाती है शिकायत: अतिरिक्त उपायुक्त

# समाधान शिविर में अब तक मिली 661 शिकायतें, 459 निपटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक





अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का गंभीरता के साथ निपटारा किया जा रहा है। अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त हुई 661 शिकायतों में से 459 शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा निपटारा किया जा चुका है तथा लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए है। नरेंद्र कुमार बृहस्पतिवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के निर्देश जारी किए गए है। जिला प्रशासन द्वारा एक छत के नीचे नागरिकों की सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। समाधान शिविर में पहुंचने वाले हर व्यक्ति की शिकायत की सुनवाई की जाती है तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायत को तुरंत निपटाने के लिए निर्देश दिए जाते है।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि नागरिकों को अपनी शिकायत कम्प्यूटर पर टाइप करवाकर लाने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक अपनी समस्या को साधारण कागज पर हाथ से लिखकर लाए और यदि कोई नागरिक अपनी शिकायत लिखने में असमर्थ है तो जिला प्रशासन द्वारा एक कर्मचारी तैनात किया गया है, ऐसे व्यक्ति की शिकायत को मौके पर लिखवाने के प्रबंध किए जाते है। सरकार की नई पहल के तहत प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की शिकायतें सुनी जा रही है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, मिकाडा के कार्यकारी अभियंता अंशुल काद्यान, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



## आईसी कॉलेज में पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित

**रोहतक।** सेवानिवृत्त प्राचार्य बलजीत सिंह ने अपनी नवीनतम पेंटिंग प्रदर्शनी ह्यूज ऑफ रिटायरमेंट, जो उनकी सेवानिवृत्ति के दौरान बनाई गई जल रंग पेंटिंग का एक संग्रह है का वीरवार को आईसी कॉलेज में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीके कुठियाला, पूर्व अध्यक्ष, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति ने किया। यह प्रदर्शनी न केवल सेवानिवृत्ति के बाद की उनकी कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करती है, बल्कि छात्रों को वैचारिक कला से परिचित कराने की एक विचारशील पहल पर भी प्रकाश डालती है। समाचार पत्रों पर सूखे पेस्टल का उपयोग करते हुए, छात्रों ने प्रमुख सुर्खियों से प्रेरित चित्र बनाए। इस अवसर पर आईसी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दर्शना, डॉ. वजीर सिंह नेहरा, डॉ. दीपक मलिक, डॉ. फूल कुमार, डॉ. अंजू, डॉ. बिंदू, डॉ. निशा मलिक, डॉ. वीना सचदेवा, डॉ. रेनू हुडा, डॉ. नीलम मंगला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सुभाष नगर में सड़क निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

# वार्ड 14 में 1 करोड़ 78 लाख से किए जाएंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम के वार्ड नंबर 14 में एक करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। वीरवार को सुभाष नगर में कैलाश पार्क के साथ वाली सड़कों का निर्माण कार्य श्री हनुमान मंदिर सभा के प्रधान अशोक हुड़िया ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर निगम पार्षद कंचन खुराना के प्रतिनिधि पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना ने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्ड की टूटी-फूटी सड़कों का निर्माण व पार्कों के नवीनीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैलाश कॉलोनी पार्क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा झंग कॉलोनी की विजय पार्क, एकता पार्क, वर्धमान पार्क का निर्माण कार्य भी जारी है। वहीं चांद नगर की डिग्गी के पीछे वाली गली व प्रेम नगर की हनुमान मंदिर वाली गली का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। अशोक खुराना ने कहा कि मॉडल टाउन में कम्युनिटी सेंटर वाली सड़क, विकास नगर की क्वीन बुटीक वाली गली, सुभाष नगर में राजेंद्र टक्कर वाली गली, मान सरोवर कॉलोनी की रवि चावला ठेकेदार वाली गली व दुर्गा कॉलोनी की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य जारी है।

#### सड़क निर्माण अंतिम चरण में

अशोक खुराना ने ये भी बताया कि सुभाष नगर में सुभाष पार्क से लेकर पूरे सुभाष नगर की चारों तरफ की सड़क, मॉडल टाउन में पावर हाउस से लेकर लाल कुआं तक की सड़क निर्माण कार्य से संबंधित टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इतना ही नहीं वार्ड में 17 लाख 50 रुपए की लागत से मरम्मत का कार्य भी जारी है। उन्होंने कहा कि वार्ड 13 में कोई भी गड्ढा नहीं रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व पार्षद अमर अरोड़ा, सुभाष मल्होत्रा, नरेंद्र नरवाल, गुलशन बहल, प्रवीण चुघ, सुरेंद्र भुटानी, नरेश डांग, सुंदर जेटली, हंसराज आनंद, अनिल शर्मा, अनिल सिंह पाहवा, आशा सपरा, कृष्णा नरवाल, बबीता खुराना, शारदा विज, गीता शर्मा, आशा गुप्ता, कान्ता बजाज, सुजाता शर्मा, ममता, सतेन्द्र राणा, विजय भुटानी, सुरेंद्र सहगल, कनिष्ठ अभियंता बलजीत गहलोत, ठेकेदार रोबिन हुड्डा आदि रहे।

## रैवन्यू रास्तों को छोड़ें खुला

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने वीरवार को सनसिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। नगर निगम द्वारा सनसिटी को नोटिस जारी किया गया था कि वे उन रेवन्यू रोस्तों को खाली करें, जिनकी मलकियत नगर निगम की है। क्योंकि सनसिटी द्वारा सेक्टर 34, 35 व 36 सनसिटी द्वारा रैवन्यू रास्तों को अपने सेक्टरो में मिला लिया गया था और अपनी सहुलियत मुताबिक प्रयोग में लाया जा रहा है। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि सनसिटी नगर निगम की मलकियत वाले सभी रैवन्यू रास्तों को खाली करें। उन्होंने बताया कि सनसिटी के पदाधिकारियों द्वारा रेवन्यू रोस्तों को खाली करने पर सहमति जताई गई है।



## भिवानी के सिविल सर्जन डॉ. राहुल दिवान ने खरावड़ गांव में बन रही ईएसआई डिस्पेंसरी का किया निरीक्षण

**रोहतक।** भिवानी के सिविल सर्जन डॉ. राहुल दिवान ने गुरुवार को खरावड़ गांव में बन रही ईएसआई डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया। इस डिस्पेंसरी के माध्यम से आईएमटी में कार्यरत ईएसआई कार्ड धारकों को मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा का ईएसआई हेल्थ केयर डिपार्टमेंट कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुक है और लगातार कार्य कर रहा है। इस मौके पर उनके साथा डॉ भामिक कादियान ने भी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# सरकारी स्कूल की गिरी चारदिवारी को बनवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** स्कूल की गिरी हुई चारदिवारी ।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया ने गांव किलोई में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य से मिलकर स्कूल की सुरक्षा और विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की। जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि स्कूल की चारदिवारी पिछले 13 महीनों से गिरी हुई है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार दीवार बनवाने संबंधी मांग पत्र शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को दिया है। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के अंदर चौकीदार पद भी खाली है, जिससे विद्यालय में चोरी का भय बना रहता है। विद्यालय में पीजीटी साइंस अध्यापक की कमी है, जिस कारण शिक्षण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस मौके पर एसएफआई से अजहरुद्दीन व किलोई गांव से धर्मवीर हुड्डा मौजूद रहे।



**रोहतक।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते मुख्यअतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व बाबा सुखा शाह।

## शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** राष्ट्र देवो भवः मिशन द्वारा एलपीएस बोसार्ड के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे। बाबा सुखा शाह ने बताया कि शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान किया। राजेश जैन ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन में कर्म करना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस रोहतक के सचिव श्याम सुन्दर, राजीव जैन, अजेश गुप्ता, पंकज कपूर, विकास अत्रि एडवोकेट, डाक्टर निर्मल, डाक्टर रवि रंगा, इन्दर पाल दुआ, अशोक कत्याल, लतेश, राजेंदर शर्मा, सुरेंदर कवतारा, डॉ. रवि रंगा, चेतना अरोड़ा, अश्वनी वशिष्ठ, सन्नी निझावन, राजेंदर शर्मा, शिव चरण शर्मा, राजेंदर मनचंदा आदि मौजदू रहे।

## हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आबंटियों के लिए विवादों का समाधान-2 योजना शुरू

### 31 मार्च 2025 तक उठा सकते हैं लाभ

- बैंकों से उचित ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाया जाता

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आबंटियों के लिए विवादों के समाधान के लिए एक ओर शानदार अवसर प्रदान किया गया है। विवादों का समाधान-2 योजना के तहत आगामी 31 मार्च 2025 तक ऐसे किसी भी विवाद का समाधान करवाया जा सकता है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए संबंधित मार्केट कमेटी के सचिव से संपर्क किया जा सकता है। बैंकों से उचित ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाया जाता है।

धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि विवादों का समाधान-2 योजना के तहत देय दंडात्मक ब्याज पूरी तरह माफ, देय ब्याज राशि का 40 प्रतिशत माफ, प्लाटों पर दुकानों-बूथों के निर्माण के लिए एक अतिरिक्त वर्ष का प्रावधान, लंबित निर्माण समापन प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है तथा एनओसी दिए गए प्लॉट धारक लंबित भुगतान जमा करवा सकते है। यह प्रक्रिया पूर्ण तरह ऑनलाइन है।

# विवादों में फंसा बार एसोसिएशन चुनाव

- दोनों गुटों ने अपने अपने तीन-तीन चुनाव अधिकारी नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेते महम बार एसोसिएशन के वकील।

महम में बार एसोसिएशन तो एक है, लेकिन चुनाव कार्यक्रम दो जगह चल रहे हैं। निवर्तमान प्रधान रविशंकर सोनी के गुट ने एक दिन पहले ही तीन चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने की सूचना दी थी। अगले ही दिन पूर्व प्रधान प्रदीप ढाका के गुट ने तीन चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए। अब देखने वाली बात यह है कि कौन सा गुट चुनाव करवाने में कामयाब होता है। क्योंकि यह चुनाव विवादों में फंस गया है। क्योंकि दोनों ही गुट एक दूसरे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं और एक दूसरे की प्रक्रिया को गलत ठहरा रहे हैं। वीरवार 16 जनवरी को महम बार एसोसिएशन कार्यालय में वकीलों की एक बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि एडवोकेट संदीप बंसल को 15 जनवरी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदीप गोयत व पवन मलिक को भी चुनाव अधिकारी बनाया गया। आरोप लगाया गया कि बार एसोसिएश का कार्यवाही रजिस्टर प्रधान और सचिव ने अपने पास रखे हुए हैं। जिस कारण नया रजिस्टर लगाकर बैठक की कार्यवाही लिखी जाती है। इस गुट के वकीलों ने भी वोटर लिस्ट की फाइनल सूची बोर्ड पर चस्पा करने की बात कही है। दूसरी तरफ निवर्तमान प्रधान रविशंकर सोनी गुट के वकील भी चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने भी राजेश गोयत समेत तीन वकीलों को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर दिया है। 28 फरवरी को बार एसोसिएशन महम का चुनाव होना है। प्रदीप ढाका महम बार एसोसिएशन के कई चुनाव लड़ चुके हैं और ज्यादातर चुनावों में उनके गुट का ही दबदबा रहा है। लेकिन इस बार रविशंकर सोनी गुट के वकील दावा कर रहे हैं कि इस बार के चुनाव में प्रदीप ढाका व उनके सहयोगियों की दाल गलने वाली नहीं है। खैर परिणाम जो भी हों, लेकिन यह सच है कि इस बार का चुनाव इतना आसान नहीं है। दोनों ही गुटों के वकीलों ने एड़ी चोटी का जोर लगाया हुआ है।

## नशे से दूर रहने का संदेश दिया




रोहतक। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में चल रहे एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयं सेवकों ने प्रार्थना व योग से की। विद्यार्थियों ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम भाकर की देख रेख में जागरूकता रैली निकाली। जिसमें उन्होंने नशामुक्ति, बालविवाह, शिक्षा आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्या मीता कंसल, रणवीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# फरवरी में भट्ठा चलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे : अनूप सिंह दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



फरवरी में भट्ठा चलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी। ये बात हरियाणा भट्ठा एसोसिएशन के उपप्रधान अनूप सिंह दहिया ने कही।

- बेमौसमी बारिश से भट्ठा मालिकों को नुकसान

उन्होंने कहा कि सरकार ने फिलहाल भट्ठा न चलाने के निर्देश जारी कर रखे हैं। एक मार्च से भट्ठा चलाने की अनुमति दी गई है। वहीं बेमौसमी बरसात से कच्ची ईंटों के खराब हो जाने से भट्ठा मालिकों को नुकसान हुआ है। बारिश की वजह से काम है, जिससे भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के लिए रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। फिलहाल ईंट के भाव भी आसमान छू रहे हैं। इस अवसर पर कई भट्ठा मालिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ई-वेस्ट, गीला और सूखा कूड़ा, बायो वेस्ट को अलग-अलग करने के तरीके बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन में वेस्ट मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन नगर निगम के सहयोग से किया गया। मुख्य वक्ता अरविंद भाटिया रहे। उन्होंने ई-वेस्ट, गीला और सूखा कूड़ा, बायो वेस्ट आदि को अलग-अलग करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि जैविक खाद 40 से 45 दिनों में तैयार हो जाती है और इसके द्वारा हम वातावरण को भी सुरक्षित रख सकते हैं। प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने ई ब्रिक्स के महत्व को बताते हुए बच्चों को ई ब्रिक्स बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अरविंद भटिया को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर मधु, डॉक्टर ज्योति आहूजा, डाक्टर निधी, डॉक्टर कमलेश ढुल, डॉक्टर ज्योति गोयल, डॉक्टर पूजा, इंदु, अंजु सचदेवा, दिनेश, डॉक्टर कुसुम, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर राखी, डॉक्टर मोनिका गोयल, प्रीति दहिया, मीनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

बातचीत | अध्यापकों से विद्यालय की बेहतरी के लिए की चर्चा

मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र ने किया निरीक्षण

# आंबेडकर चौक और सेक्टर 4 स्थित मॉडल स्कूलों का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय के नवीनीकरण तथा संगीत-कक्ष को साउंड प्रूफ बनाने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल और सेक्टर 4 स्थित मॉडल स्कूल का मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाओं, कक्षाओं के कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ विद्यालय की बेहतरी के लिए चर्चा की। इस दौरान उनके साथ मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के सचिव राजेश सहगल, मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक की प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा तथा सेक्टर 4 मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या रितु मदान भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय के नवीनीकरण तथा संगीत-कक्ष को साउंड प्रूफ बनाने की बात कही । उन्होंने अभिभावकों के लिए मॉडल स्कूल के सामने मिनी सचिवालय के पास पार्किंग के लिए स्थान उपलब्ध करवाने की बात कही ताकि छुट्टी के समय सड़क पर अवरोध उत्पन्न न हो।

#### सोलर पैनल लगाएं

डीसी ने विद्यालय के पुराने रिकॉर्ड को स्कैन करके डिजिटली सुरक्षित रखने का सुझाव देते हुए पेपर रहित काम करने पर भी ज़ोर दिया ताकि कागज़ को बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा उन्होंने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए विद्यालयों में सोलर पैनल लगाने को भी कहा। उन्होंने स्मार्ट कक्षाओं के अधिकाधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने ये भी कहा कि आंबेडकर चौक और वसंत विहार में जल्दी ही विद्यालय की नई ईमारत को बनाने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने सेक्टर चार स्थित मॉडल स्कूल में कृत्रिम टर्फ फुटबॉल ग्राउंड तथा बहुउद्देशीय हॉल बनाने के लिए भी कहा ताकि विद्यार्थियों को खेल की आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के सचिव राजेश सहगल ने उपायुक्त द्वारा दिए गए सुझावों के लिए उनका धन्यवाद किया।

## आठवें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया

**रोहतक।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा का स्वागत किया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि देशभर के विद्यालय और शिक्षक इस महत्वपूर्ण घोषणा का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। महासंघ ने विभिन्न मंचों और सरकार के साथ हुई बैठकों में लगातार इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। प्रधानमंत्री द्वारा इस दिशा में लिया गया सकारात्मक निर्णय निश्चित रूप से शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि पिछला वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था और प्रति दस वर्ष में वेतन आयोग के गठन की परंपरा को जारी रखना केंद्र सरकार का सराहनीय निर्णय है। यह निर्णय सेवानिवृत्त और सेवारत शिक्षकों सहित समस्त कर्मचारी वर्ग के लिए राहत और प्रोत्साहन का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि महासंघ केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता है और आशा करता है कि आठवां वेतन आयोग मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों के व्यापक हित में सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।